[Shri S. N. Mishra.]

The Additional Commissioner of Railway Safety, Calcutta, has commenced his statutory enquiry into the accident.

MOTION RE FOOD SITUATION—continued.

श्री चन्द्र शेखर (उत्तर प्रदेश) : उप-सभाध्यक्ष महोदय, इस खाद्य समस्या के विवाद के प्रारम्भ में हमारे मित्र माननीय श्री गुरुपाद स्वामी जी ने कुछ सवाल उठाये और मुझे आश्चर्य है कि कुछ समाजवादी साथियों ने और हमारे मित्र श्री भूपेश गुप्त ने भी इन बातों को उचित नहीं समझा। श्री गुरुपाद स्वामी जी ने कहा था कि किसी भी पिछड़ी हुई अर्थ व्यवस्था वाले देश में अगर विकास करना है तो उसमें शुरू में कुछ कठिनाइयां होती हैं और उन कठिनाइयों का मुकाबला भी करना पड़ता है तथा विकास के साथ ही साथ कीमतें भी कुछ बढ़ती हैं। मैं नहीं समझता कि अर्थ शास्त्र के किसी भी विद्यार्थी के लिए यह एक ऐसी बात होगी जिसके बारे में कोई विवाद हो। हर आदमी जानता है कि पिछड़ी हुई अर्थ व्यवस्था से विकास की ओर जाने में जो विकास के काम होते हैं, उनके साथ ही साथ कीमत भी बढ़ती है। लेकिन इन कीमतों के बढ़ने से परेशानी तब होती है जब किसी खास क्षेत्र में बहुत ऊंची कीमत हो जाती है और जिसका असर सारे समाज पर और स्वयं विकास के कार्यों पर पड़ता है।

दूसरी बात माननीय गुरुपाद स्वामी जी ने यह कही कि पुराने समाज से नये समाज में आने पर कुछ कठिनाइयां होती हैं और कुछ अव्यवस्था होती है। लेकिन मुझे आश्चर्य हुआ जब माननीय प्रो० मुकुट बिहारी लाल जी ने यह कहा कि जो यह समझते हैं कि एक समाज से दूसरे समाज में जाने पर, एक परिस्थिति से दूसरी परिस्थिति में पहुंचने पर अव्यवस्था होती है, उनको शासक दल में रहने का अधिकार नहीं है। राजनैतिक शास्त्र के विद्यार्थी होने के नाते मैं समझता हूं कि जो भी समाजवादी विचारों में आस्था रखता है, जिसने समाजवादी समाज के दृष्टिकोण को समझा है, वह समझता है कि एक समाज से दूसरे समाज की ओर जाने में कुछ कठिनाइयां उपस्थित होती हैं और इन कठिनाइयों को जाने बिना कोई भी समाज प्रगति की ओर अग्रसर नहीं हो सकता है।

आज हमारे मुल्क में जो खाद्य समस्या है उसको दो तीन दृष्टिकोण से देखना पड़ेगा। एक तो खाद्य समस्या हमारे देश के लिए नई नहीं है, हर साल कुछ क्षेत्रों में अकाल की छाया के रूप में यह समस्या हमारे देश में बनी रहती है। अंग्रेजी हुकूमत के जमाने से लेकर आजादी के आने वाले दिनों में भी हमारे सामने यह परेशानी बराबर उठती रही कि कभी भी देश भुखमरी से तबाह हो सकता है और उसके लिए कुछ उपाय किये जाने चाहियें। श्रीमन्, १९५२–५३ में एक ऐसी हालत पैदा हुई कि इस देश में खाद्यान्नों पर से कंट्रोल उठा लिये गये। अगर हम इसके एक वर्ष पहले और चार वर्ष बाद की परिस्थिति को देखें तो उससे हमें ज्ञात होगा कि किस प्रकार हमारे देश के व्यापारियों ने खाद्य समस्या के साथ खिलवाड़ किया।

सन् १९३० से ही कांग्रेस पार्टी यह कह रही है कि इस मुल्क में खाद्यान्न की कमी है और इसका समाधान यह है कि जो भूमि पर खेती करता है, जो भूमि पर मेहनत करता है, जो जमीन को जोतता है, उसे ही उसका मालिक बनाया जाय। यह बात एक बार नहीं, अनेक बार कही गई है। आजादी आने के बाद भी और आजादी आने के पहले भी। सन् १९३६–३७ में इस बात को फिर से दोहराया गया कि भूमि सुधारों में तेजी लाई जाय। सन् १९४७ के बाद, पंचवर्षीय योजना लागू होने के बाद भी बराबर यह कहा गया है कि भूमि सुधार जितनी जल्दी होंगे उतना ही खेती में उत्पादन ज्यादा होगा। लेकिन मैं आज तक नहीं समझ

पाया कि रास्ते में कौन सी कठिनाई आ जाती है । आज हमारे देश में बहुत से प्रदेश ऐसे हैं जिन्होंने भूमि सुधार के कामों को अभी तक पूरा नहीं किया । दूसरी पंचवर्षीय योजना के बाद जब जब खाद्य समस्या के बारे में कोई आयोग या कमिशन बैठा तो उसने भी यही कहा कि भूमि सुधारों को तेजी से लागू किया जाय । कांग्रेस पार्टी ने भी अपने प्रस्तावों में यह कहा कि जमीन का फिर से बंटवारा होना चाहिये और जमीन उनके हाथों में जानी चाहिये जो जमीन पर खेती करते हैं । लेकिन जमीन पर जो स्थिर स्वार्थ के लोग हैं उनका दबाव इस हुकूमत पर पड़ता है, इस नौकरशाही पर जड़ता है जो सारी सरकार की नीतियों को चलाते हैं और इस तरह से भूमि सुधार का काम पूरा नहीं होने पाता ।

इसी तरह से जो सहकारी कृषि की बात कही गई उसका भी हमारे बहुत से मित्र विरोध करते हैं और कांग्रेस पार्टी की ओर से यह कहा जाता है कि यह सवाल पार्टियों की परिधि से बाहर है । लेकिन मैं आपके जरिये से इस सदन से नम्र निवेदन करना चाहता हूं कि आज की परिस्थिति में जमीन के सवाल का हल सब वर्ग के लोग मिलकर नहीं कर सकते हैं ।

आज कृषि के क्षेत्र में सहकारिता का विरोध हमारे जो मित्र कर रहे हैं उनका जिक्र मैंने पिछले दिनों जब सहकारिता पर विवाद हो रहा था किया था । मुझे आश्चर्य है कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि वे कृषि क्षेत्र में सहकारिता के विरोधी नहीं है लेकिन परसों जब वे विवाद में हिस्सा ले रहे थे तो उन्होंने सहकारिता आन्दोलन के बारे में कहा कि हमें इस पर बड़ी सावधानी से नजर रखनी चाहिये और काम करना चाहिये क्योंकि इस मुल्क में सहकारिता आन्दोलन चलने वाला नहीं है । आखिरकार विरोध किस तरह से किया जाता है ? आज जमाने की गति को देखते हुए, समाज की प्रगति को देखते हुए हमारे जनसंघ के मित्र, हमारे स्वतंत्र पार्टी के मित्र सहकारिता आन्दोलन का खुले तौर पर विरोध नहीं कर सकते हैं । लेकिन जिन स्वार्थों का वे प्रतिनिधित्व करते हैं उनकी जड़ में यह निहित है कि सहकारिता आन्दोलन का वे विरोध करें ।

श्रीमन्, हमारे देश में भूमि सुधार नहीं हुआ तो ऐसी हालत में अनाज का उत्पादन कैसे बढ़ेगा । सरकार की ओर से यह वादा किया गया है कि खाद ज्यादा उत्पादन किया जायेगा और किसानों को खाद दी जायेगी । सरकार के और जो विशेषज्ञ हैं उनका कहना है कि एक एकड़ जमीन पर, जो सिंचाई की जमीन है, ३० पौंड नाइट्रोजन और १५ पौंड फासफेट्स मिलना चाहिये । इस बारे में बड़े मन्सूबे बांध गये और कहा गया कि किसानों को फर्टिलाइजर दिया जायेगा । मुझे याद है कि एक जमाने में किसानों से यह कहा गया था कि सिन्दरी के कारखाने से खाद दी जायेगी और उस समय सिन्दरी के कारखाने का नाम बड़े फख्र से लिया जाता था और बड़े गर्व के साथ कहा जाता था कि सिन्दरी का कारखाना देश का नक्शा बदल देगा । सिन्दरी के कारखाने के आने से अनाज की समस्या हल हो जायेगी । श्रीमन्, आज से एक महीने पहले मैं आपके साथ सिन्दरी के कारखाने को देखने गया था लेकिन आज हम अभिमान से और उस आवाज से सिन्दरी के बारे में कुछ नहीं कह सकते हैं । आज मैं नहीं जानता कि किन कारणों से, सरकार की गलत नीतियों के कारण या जिन अफसरों को वहां पर रखा गया था उनकी वजह से, वह सारे देश के लिए एक कलंक का विषय बन गया है । सिन्दरी के कारखाने से हम लोग जो उम्मीद रखते थे वह नाउम्मीद के रूप में आगे आने वाली है । आज वहां पर केवल नाउम्मीद की ही झलक दिखलाई देती है । आज हमारे देश में जो नई फर्टिलाइजर फैक्टरियां बन रही हैं उनके बारे में भी यही हालत है । श्रीमन्, आप के प्रदेश में एक फर्टिलाइजर

[श्री चन्द्र शेखर]

फैक्टरी बनाने की योजना तीन साल से चल रही है और इसके लिए स्टाफ भी रख दिया गया है जिस पर लाखों रुपया माहवारी खर्च किया जा रहा है। अभी पिछले साल उस फैक्टरी के लिए जमीन एक्वायर की गई। एक प्रश्न के उत्तर में यह कहा गया था कि विकास के कार्यों को करने के लिए सीमेन्ट की कमी है लेकिन उस कारखाने में ब्लैक में जितना सीमेन्ट चाहिये आपको मिल सकता है। गोरखपुर और महाराष्ट्र में जो फर्टिलाइजर फैक्टरी बन रही हैं उनकी क्या प्रगति है, उनका कितना विकास आ है, इस ओर सरकार को ध्यान देना चाहिये। अगर देश में फर्टिलाइजर का उत्पादन ज्यादा नहीं होगा तो हमारी पैदावार भी नहीं बढ़ेगी। इस सम्बन्ध में जो काम हो रहा है उसके बारे में जितना कम कहा जाय उतना अच्छा है। इसी तरह से जो सिचाई की योजनाएं बनती हैं उनमें समन्वय नहीं होता है। हम इस सदन सुनते हैं कि जाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली की हुकूमतें एक साथ नियोजन का काम नहीं करती हैं आप इस बात को सोचें कि इसका नतीजा क्या होता है। एक तरफ तो सिचाई की योजनाएं बरबाद होती जा रही हैं और दूसरी तरफ बाढ़ के पानी से वाटर लागिंग हो जाती है जिससे सारा देश बरबाद हो जाता है।

भूमि सुधार की बात तो अलग है और उसमें लड़ाई झगड़ा चल रहा है। अब एक नया नारा लगाया गया है कि फिर से शिकमी का कानून लागू किया जाय। हम ने सुना है और बड़ी हैरत के साथ सुना है कि हुकूमत इस सम्बन्ध में राय ले रही है विभिन्न प्रदेश सरकारों से कि क्या शिकमी देने का हक फिर से दिया जाय। यह दबाव किन की ओर से पड़ रहा है ? यह दबाव उन लोगों की ओर से पड़ रहा जिन के पास जमीनें हैं। लेकिन जो जमीन के ऊपर मेहनत नहीं करते हैं। जो बड़ी बड़ी नौकरियां करते हैं, वे कह रहे हैं कि उनकी जमीन महफूज रखने के लिये अगर आप यह शिकमी का कानून फिर से जायज नहीं करार देंगे, तो उत्पादन नहीं बढ़ेगा। क्या इस तरह से कोई अर्थव्यवस्था ठीक चल सकती है ? क्या इस तरह से कृषि क्षेत्र में उत्पादन बढ़ सकता है ? मैं आप से निवेदन करूं कि इससे उत्पादन बढ़ने वाला नहीं है। अगर उत्पादन बढ़ाना है तो भूमि सुधारों को तेजी से करना होगा। अगर उत्पादन बढ़ाना है तो किसानों को खाद देना होगा। अगर उत्पादन बढ़ाना है तो कृषि में सहकारिता के आन्दोलन को चलाना होगा। आज ७० फी सदी किसान ऐसे हैं जिनके पास एक और दो एकड़ के बीच जमीन है। वे तब तक तरक्की नहीं कर सकते जब तक वैज्ञानिक ढंग से खेती करने के लिये मिल जुल कर काम करना न सीखें।

इन सारे क्षेत्रों में काम करने के साथ साथ सामुदायिक विकास योजनाओं का प्रश्न आता है। सामुदायिक विकास मंत्री इस सम्बन्ध में आज जवाब दे रहे थे। एक बार नहीं अनेक बार कहा गया है कि सामुदायिक विकास योजनाएं कृषि के क्षेत्र में काम ठीक तरह से नहीं कर पातीं। सन् १९५७ में जब फूडग्रेन्स इन्क्वायरी कमेटी बनी तो उस फूडग्रेन्स इन्क्वायरी कमेटी ने कहा कि सामुदायिक विकास योजनाओं से जो उम्मीद थी वह उम्मीद पूरी नहीं हुई। यह उम्मीद की गई थी कि आने वाले दिनों में ये योजनाए कुछ काम करेंगी। लेकिन आज भी सामुदायिक विकास योजनाएं हमारे सिर पर एक आर्थिक बोझ के रूप में लदी हुई हैं और उनसे कृषि के क्षेत्र में कोई विकास नहीं हुआ है।

सन् १९५३ में जब कन्ट्रोल हटाये गये थे तो क्या कहा गया था—सरकार की ओर से कहा गया था कि कंट्रोल की जो बुराइयां हैं, नियंत्रण की जो बुराइयां हैं उनको दूर करने के लिये धीरे धीरे कंट्रोल को हटायेंगे। लेकिन हमेशा यह खयाल रखेंगे कि व्यापार के ऊपर पूंजीपतियों का एकाधिकार न होने पाये और

स्पेकुलेशन की वजह से, अन्दाज लगाने की वजह से जो जनता को तकलीफ होती है, वह न होने पाये। फिर सन् १९५३ से ले कर सन् १९५६ तक, इन चार वर्षों में धीरे धीरे कंट्रोल हटाये गये और इन वर्षों में अनाज की कीमतें गिरी रहीं। लेकिन सन् १९५६ में ज्यों ही डीकंट्रोल पूरी तरह हो गया, उसके बाद कीमतें बढ़नी शुरू हो गईं। सन् १९५२-५३ में व्यापारियों ने जानबूझ कर कीमतों को कम किया। उस जमाने में एक बड़े जोरों का यह नारा लगाया गया कि कंट्रोल हट जायेंगे, अनियंत्रण हो जायगा, तो समाज में खुशहाली आ जायगी। मैं किसी की बुराई नहीं करना चाहता, लेकिन यह अवश्य कहूंगा कि नियोजित अर्थव्यवस्था में इस तरह से अनियंत्रण की व्यवस्था को चला करके सब से पहली भूल सन् १९५३ में की गई। जब हमारे बफर स्टाक बन रहे थे और जब व्यापार के ऊपर हमारा नियंत्रण चल रहा था, तो उस समय अचानक कंट्रोल को तोड़ दिया गया, हटा दिया गया और सन् १९५६ से हम फिर स्पेकुलेटर्स के हाथ में खेलने लगे। तब से बराबर यह परिस्थिति बिगड़ती जा रही है। आज हालत क्या हो रही है? हालत आज यह हो रही है कि यहां पर कहा जाता है कि कंट्रोल मत करो फूडग्रेन्स के ऊपर। हमारे जो नये खाद्य मंत्री हैं, उनसे बड़ी उम्मीद हुई थी जब वे आये। मुख्य मंत्रियों का जो सम्मेलन दिल्ली में हुआ था उसमें उन्होंने यह कहा था कि अनाज का राज्य व्यापार किया जायगा लेकिन मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में नहीं मालूम इनको क्या मंत्र दे दिया गया जिससे इनकी आवाज धीरे धीरे ठंडी होने लगी। स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन बनाने के सम्बन्ध में मुझे यह देख कर हैरानी हुई कि उसका समर्थन कौन करते हैं। उसका समर्थन राजगोपालाचारी जी करते हैं, उसका समर्थन जनसंघ के भाई करते हैं।

श्री विमलकुमार मन्नालालजी चोरड़िया (मध्य प्रदेश) : क्या सही बात कहना गलत है।

श्री चन्द्र शेखर : क्या सही बात ये कहते हैं? जैसा कि माननीय अण्णादुरै जी ने कहा कि इस व्यापार का एक छोटा सा हिस्सा मान लीजिये ३० फी सदी के ऊपर नियंत्रण रहा और ७० फी सदी पर व्यापारियों का कंट्रोल रहा तो फिर क्या होने वाला है? यह व्यवस्था असफल होने वाली है। उसके बाद यह जनसंघ और स्वतंत्र पार्टी के लोग कहेंगे कि राज्य व्यापार योजना निकम्मी है, इसको हमेशा के लिये इस हिन्दुस्तान में दफना दिया जाना चाहिये। आप जानते हैं कि ज्यों ही स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन बनाने की बात आई, राजगोपालाचारी जी ने अपने ४ अगस्त के "स्वराज्य" अखबार में लिखा कि खाद्य मंत्री साहब वही करने जा रहे हैं जिसको स्वतंत्र पार्टी हमेशा से मानती रही है और जिस का प्रचार करती रही है।

श्री दत्तोपन्त ठेंगड़ी (उत्तर प्रदेश) : सरकार ने अपने हाथ में लिये हुए कौन से ट्रेड को अच्छे ढंग से अब तक चलाया है? कोई भी नाम बतायें माननीय सदस्य। (*Interruption*)

श्री चन्द्र शेखर : अगर श्रीमान् जी समय दें तो मैं बता सकता हूं। लेकिन मैं यह कहूंगा कि मैं यह मानता हूं कि नौकरशाही में भ्रष्टाचार है। इसके साथ ही मैं यह भी मानता हूं कि जो आज व्यापारी हैं वे नौकरशाही से ज्यादा भ्रष्ट हैं। मैं ऐसा मानता हूं कि सरकारी योजनाओं में कमियां हैं। लेकिन मैं यह भी मानता हूं कि जो व्यापारी आज व्यापार चला रहे हैं, उनमें ज्यादा भ्रष्ट लोग हैं, उनमें ज्यादा ऐसे लोग हैं जिनको समाज की कोई फिक्र नहीं है।

तो ४ अगस्त के "स्वराज्य" में राजा जी ने यह लिखा कि माननीय सुब्रह्मण्यम जी का वे समर्थन करते हैं। उन्होंने स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन की बात करके उनके मन की बात कर दी। ७ अगस्त को जनसंघ के अखबार "आर्गेनाइजर" ने लिखा कि वे भी

[श्री चन्द्र शेखर]

इसका समर्थन करते हैं। माननीय सुब्रह्मण्यम् साहब ने बड़ी अच्छी बात की है। अब आप देखिये कि मुंशी साहब ने स्वतंत्र पार्टी की मीटिंग में खाद्य समस्या पर प्रस्ताव पेश करते वक्त क्या कहा। यह २ अगस्त के अखबार में छपा है। उसमें कहा गया है:

It was a resolution which was moved by Mr. K. M. Munshi, a former Food Minister, opposing the move towards State trading and the imposition of a ceiling on individual land holdings and it said farmers should be allowed to hold bigger and economic holdings to help them increase the production.

(Time bell rings)

श्रीमान्, अभी तो . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री महावीर प्रसाद भार्गव) : ११ मिनट हो गये।

श्री चन्द्र शेखर : श्रीमन्, अभी थोड़ा सा उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध में कहना है।

उपसभाध्यक्ष (श्री महावीर प्रसाद भार्गव) : जो कुछ कहना हो, जल्दी कहिये।

श्री चन्द्र शेखर : तो मैं यह कह रहा था कि अगर कंट्रोल करना है, नियंत्रण करना है इस व्यापार के ऊपर, तो उसका केवल एक ही तरीका है कि सरकार पूरी तौर से अपने हाथ में अनाज के व्यापार को ले ले। कोई भी देश, कोई भी हुकूमत, कोई भी राज्य उस तरह की धमकी को बर्दाश्त नहीं कर सकता जिस तरह की धमकी कल व्यापारियों ने दिल्ली में अपनी सभा में दी है।

मुझे हैरानी होती है कि कुछ दिन पहले दिल्ली में दो लाख मन अनाज कब्जे में किया गया और खाद्य मंत्रालय के लोगों ने कहा कि उन्होंने कमाल किया है, लेकिन तीन दिन के बाद फिर यह कह दिया कि यह वैरिफिकेशन आफ स्टाक है। सरकार को ऐसी ढुलमुल नीति को छोड़ना चाहिये।

अब, श्रीमान्, आपकी आज्ञा से मैं दो चार मिनट और लूंगा उत्तर प्रदेश के बारे में। आप इसके लिये मुझे क्षमा करेंगे कि अगर मैं यह कहूं कि हमारा दुर्भाग्य है कि उत्तर प्रदेश के साथ अन्याय हुआ है। आज सवेरे खाद्य मंत्री ने प्रश्नों का जवाब दिया। उन्होंने यह कहा कि गल्ला देते समय केन्द्र सरकार इस बात का ध्यान रखती है कि किसी राज्य की पैदावार क्या है, वहां की आबादी क्या है, वहां की जरूरियात क्या हैं। अगर आप उत्तर प्रदेश के पिछले तीन वर्षों की पैदावार को लें तो ऐसा मालूम होगा कि वहां हर साल पैदावार गिरी है। जहां उत्तर प्रदेश में सन् १९६०-६१ में १४२.५३ लाख टन अनाज पैदा हुआ, वहां सन् १९६१-६२ में १३८.३५ लाख टन हुआ और सन् १९६२-६३ में १३२.७९ लाख टन हुआ और सन् १९६३-६४ में ११६.१८ लाख टन हुआ। इस तरह से उत्तर प्रदेश में आज ४०.३३ लाख टन की कमी है। जब हिन्दुस्तान की सरकार से कहा गया कि उत्तर प्रदेश को गल्ला दो तो पहले जो खाद्य मंत्री थे माननीय स्वर्ण सिंह जी, उन्होंने कुछ वादा किया। पहले से वहां ६८ हजार टन आटा मिलों को और २५ हजार टन बरेली और मेरठ को मिला कर पांच बड़े शहरों को दिया जाता था। इसके अतिरिक्त एक लाख टन प्रदेश सरकार को देने की बात थी। लेकिन अचानक नये खाद्य मंत्री आते हैं और वह कहते हैं कि उनका इस तरह का कोई वायदा नहीं है। फिर कहा गया कि इतना हम पूरा नहीं कर सकते और १ लाख ५ हजार टन सब मिला कर के देने का इन्होंने वायदा किया। बड़ी परेशानियों के बाद कहा कि १ लाख ५ हजार टन के हिसाब से हर महीने में आप को गल्ला भेजा जायगा लेकिन यह गल्ला भी नहीं दिया गया।

मेरे पास समय नहीं है कि मैं इस बारे में विस्तार से बताऊं लेकिन जून से अगस्त तक उत्तर प्रदेश की सरकार के साथ खिलवाड़ किया गया । उत्तर प्रदेश की सरकार ने जो जून के महीने में सस्ते गल्ले की दूकान खोलीं उनको गल्ला नहीं पहुंचा सकी इसलिये कि उत्तर प्रदेश की सरकार को जो गल्ला केन्द्र से मिलना चाहिए वह गल्ला उसे नहीं दिया गया । मैं खाद्य मंत्री से जानना चाहूगा कि १ लाख ५ हज़ार टन में से ६० हज़ार टन केवल कबाल टाउंस और दो बड़े शहरों के लिए चाहिए तो बाकी ४५ हज़ार टन में सारे उत्तर प्रदेश की कमी को वह कैसे पूरा करेंगे । पटेल आयोग जिसको केन्द्रीय सरकार ने बनाया उसकी यह रिपोर्ट है कि १९६०–६१ में देवरिया, आजमगढ़, जौनपुर और गाजीपुर में, केवल चार जिलों में करीब ४ लाख टन अनाज की कमी हुई और १९६२-६३ में हालत और खराब हुई । आज वहां की हालत यह है कि उत्तर प्रदेश की सरकार कहती है कि २५ फीसदी नुकसान हुआ—अगर उनकी बात को न भी मानिये तो भी कम से कम २० फीसदी का नुकसान हुआ ही और इस तरह से वहां तीन लाख या साढ़े तीन लाख टन की और कमी हुई है । तो सात या आठ लाख टन अनाज केवल चार पूर्वी जिलों के लिए चाहिए । अब, श्रीमान्, आप ही बताइये ४५ हजार टन महीने में जो यह हुकूमत देती है, उससे क्या होता है । आज उत्तर प्रदेश की क्या हालत है । यह आज का टाइम्स आफ इंडिया है, इस टाइम्स आफ इंडिया में खबर निकली हुई ह कि देहरादून की घाटी में, पहाड़ी इलाकों में, जो हमारी सीमा पर हैं, १४० रु० फी क्विटल चावल बिक रहा है और देहरादून में, शहर में, १२० रु० फी क्विटल बिक रहा है । आज स्टेट्समैन की खबर है कि इलाहबाद शहर में १०५ रु० फी क्विटल गेहूं बिक रहा है । यह उत्तर प्रदेश की हालत है । यह सही है कि फूड मिनिस्ट्री ने जो पैम्पलेट दिया है—मुझे समय होता तो मैं उसको पढ़ता और बताता—उसमें कहा है कि जहां बम्बई में १०४ रु० क्विटल है वहां सहारनपुर में ८७॥ रु० क्विटल है, कुछ ऐसा ही है, लेकिन मैं आपको क्या बताऊं कि उत्तर प्रदेश की क्या दुर्दशा है, सितम्बर के महीने में क्या हालत है ।

श्रीमान्, मैं आप को बता दूं कि आज २१ तारीख सितम्बर की हो गई है और २१ तारीख तक १ लाख ५ हजार टन में से कुल ३३ हजार २९३ टन अनाज उत्तर प्रदेश को भेजा गया । मैं इस गवर्नमेंट को इस बात के लिए चार्ज करता हूं कि यह हुकूमत जानबूझ कर के उत्तर प्रदेश को बर्बाद करना चाहती है । यह मैं मानता हूं कि माननीय खाद्य मंत्री को या यहां की हुकूमत में बड़े ओहदे पर बैठे हुए लोगों को उत्तर प्रदेश की हुकूमत में बैठे हुए लोगों से कोई नाराजगी है । तो उस नाराजगी को निपटाने का दूसरा रास्ता है लेकिन वहां की गरीब जनता के नाम पर वहां के, उत्तर प्रदेश के खेतिहर मजदूरों के नाम पर, वहां के भूखे लोगों के नाम पर मैं आप से दरख्वास्त करूंगा कि यह खिलवाड़ आप न करें । २१ तारीख तक सितम्बर के महीने में, श्रीमान्, कुल ३३ हजार टन अनाज वहां गया है । बरेली के गोदाम को ले लीजिये, एक मन अनाज भी बरेली के गोदाम में नहीं है । अब इन्होंने ५४१ टन भेजा है जो कल तक बरेली नहीं पहुंचा था । आप यह बताइये इन सारी हालतों को देखने के बाद, इन आंकड़ों को देखने के बाद क्या जवाब है सुब्रह्मण्यम् साहब के पास ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): You have put up your case. I hope that the Deputy Minister will consider these things. The Minister will . . .

श्री चन्द्र शेखर : कुल ३३ हजार टन २१ तारीख तक गया है । अगर श्रीमान् चाहें तो मैं बता दूं कि किन किन पोर्टों से कौन से, विज़गापट्टमसे, बम्बई से और कलकत्ता

[श्री चन्द्र शेखर]

से किन किन तारीखों को कितना कितना अनाज भेजा गया । यह हुकूमत एक तरफ यह खिलवाड़ कर रही है दूसरी तरफ जब मैं ने उत्तर प्रदेश की सरकार के लोगों से बात की . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : आपको खत्म करना होगा ।

श्री चन्द्र शेखर : क्या नतीजा है । पूर्वी जिलों के आजमगढ़ के कलेक्टर ने उत्तर प्रदेश के चीफ मिनिस्टर को कहा कि अगर हमें गेहूं नहीं दे सकते तो हम को सीरा दो, मौलैसेज दो, हम सीरा चाहते हैं और चीफ मिनिस्टर से जब मैंने पूछा तो उन्होंने कहा कि ऐसा ही है, उन के लिए सीरा भेजा जा रहा है । यही नहीं, श्रीमान्, उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने पंजाब के मुख्य मंत्री से बात की कि ५ हजार टन टूटा चावल—जो जानवरों को खिलाने के काम में आता है वह टूटा हुआ चावल—उत्तर प्रदेश के लिए दिया जाय । रामकृष्ण साहब ने वायदा किया लेकिन फूड मिनिस्टर साहब, सुब्रह्मण्यम् साहब चंडीगढ़ जाते हैं और जा कर कहते हैं कि ५ हजार टन नहीं केवल २ हजार टन जायगा । यही नहीं, माननीय लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर पंजाब की हुकूमत ने २५ हजार टन गेहूं उत्तर प्रदेश को देना मंजूर किया तो सुब्रह्मण्यम् साहब खत लिखते हैं यू० पी० के चीफ मिनिस्टर को कि क्या आपको अधिकार है कि आप सीधे पंजाब के . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): I hope that you have taken down these facts, Mr. Shah Nawaz Khan

श्री चन्द्र शेखर . . . मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्रियों से बातचीत करें और फिर जा कर के पंजाब के चीफ मिनिस्टर से खत लिखवाते हैं कि २५ हजार टन नहीं केवल २० हजार टन दे सकते हैं और वह भी केन्द्रीय सरकार के द्वारा ।

श्रीमान्, मैं एक अन्तिम बात कह कर समाप्त करूंगा । यह हुकूमत चलती रहेगी लेकिन याद रखें कि उत्तर प्रदेश के लोगों को बर्बाद नहीं कर सकते । मैं कांग्रेसी दोस्तों से कहूंगा कि—जो कांग्रेस पार्टी की ओर से चुन कर आये हैं उनसे कहूंगा—याद रखिये कि अगर इन बातों को आप देश के सामने, इन मांगों को पार्लियामेंट के सामने, अपनी सरकार के सामने नहीं रखते तो आने वाले दिनों में क्या हालत होने वाली है यह सोच लें । माननीय वाजपेयी जी ने कहा कि भुखमरी होगी लेकिन मैंने अपनी आंखों से भूख से तड़पते हुए लोगों को देखा है, भूख से बेहोश होते हुए लोगों को देखा है । मैंने प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री को खत लिखा कि इस स्थिति का कोई ठीक हल निकालना चाहिये । कहा गया कि हल निकाला गया है । हल यह है कि श्रीमान्, कोटा आधा किया गया । २ लाख टन उत्तर प्रदेश की सरकार ने मांगा और १ लाख ५ हजार टन दिया गया । अब ९ दिन बाकी हैं और अभी तक कुल ३३ हजार टन ही इस सरकार ने वहां पर भेजा है ।

अन्त में, श्रीमान्, मैं कहूंगा कि जो हुकूमत किसी प्रदेश की, किसी हिस्से की हालत को नहीं जानती, वहां की खूराक की हालत को नहीं जानती उसको हुकूमत में बने रहने का अधिकार नहीं है और खास तौर से मैं श्री सुब्रह्मण्यम् साहब से कहूंगा कि मैं एक किताब को कोट करता लेकिन अब नहीं कर पाऊंगा, वह किताब है "worldwide wheat planning and economic planning in general" वह इस के प्रिफेस को, पहले पन्ने को, पहले पैराग्राफ को पढ़ लें कि साकेटीज के जमाने में क्या हुआ । प्लैटो का भाई एथेंस का गवर्नर बनने के लिये साकेटीज के पास जाता है और कहता है कि हमारा समर्थन कीजिए । साकेटीज ने पूछा कि एथेन्स में कितने सिपाही हैं, कितनी छावनियां हैं तो उसने कहा कि

उसे ठीक नहीं मालूम । तीन चार सवाल उन्होंने और पूछे । अन्त में उन्होंने पूछा कि एथेंस को खिलाने के लिये कितना अन्न चाहिये, उसने कहा कि उसे नहीं मालूम । तो सार्क्रेटीज ने कहा कि जिस राजा को यह नहीं मालूम कि उसके राज्य में खिलाने के लिये कितना अन्न चाहिए, जिसको वहां की अन्न की समस्या मालूम नहीं उसको हुकूमत में रहने का, उसको स्टेट्समैन कहलाने का कोई अधिकार नहीं । जिस हुकूमत को, जिस वजीर को यह मालूम नहीं कि आज देहरादून की वैली में क्या हालत है, आजमगढ़ में क्या हो रहा है, देवरिया में, बलिया में क्या हो रहा है, उसे बने रहने का कोई अधिकार नहीं है । आज से तीन दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने कहा कि हमारे साथ अन्याय किया गया है । तो मैं उत्तर प्रदेश के सदस्यों से खास तौर से और सारे सदन से भी सामान्य रूप से कहूंगा कि उत्तर प्रदेश की इस स्थिति पर विचार करें । कोई भी खाद्य समस्या तब तक ठीक नहीं चल सकती जब तक लोगों की उचित मांगों को पूरा न किया जाय ।

श्रीमान्, मुझे विश्वास है कि खाद्य मंत्री, मैंने जो आरोप लगाए हैं उनकी जांच करेंगे । ये मेरे आरोप नहीं हैं, पिछले साल मैं ने कहा था कि यहां का जो खाद्य मंत्रालय है वह उत्तर प्रदेश के खिलाफ काम करता है । गुड़ आन्दोलन के जमाने में मैंने यह कहा था, उस समय थामस साहब और एक दूसरे वजीर जो अब विदेशी मामलों के वजीर हो गए हैं, सरदार स्वर्ण सिंह ने कहा कि किसी हालत में गुड़ के ऊपर से नियंत्रण नहीं हटेगा, मगर उस के ऊपर से नियंत्रण हटा जबकि उत्तर प्रदेश बर्बाद हो गया । इसी तरह इनकी खाद्य नीति तब बदलेगी जब उत्तर प्रदेश बर्बाद हो जायगा । धन्यवाद ।

SHRI FARIDUL HAQ ANSARI (Uttar Pradesh): My hon. friend has made very serious charges against the Food Minister regarding the letter that he wrote . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): Mr. Ansari, you better raise this question when the Food Minister comes.

SHRI FARIDUL HAQ ANSARI: I hope that he will . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): When he replies you can ask for clarification. Mr. Bhuwalka.

श्री रामकुमार भुवालका (पश्चिमी बंगाल) : उपसभाध्यक्ष महोदय, पहले तो मैं प्रधान मंत्री श्री शास्त्री जी को धन्यवाद देता हूं कि उनकी स्पीच जो गत शुक्रवार को लोक सभा में हुई उसमें उन्होंने दो घंटे तक स्पीच दी और सारी बातों का खुलासा किया और ऐसी आशा की जाती है कि उन की स्पीच के बाद बहुत सा काम हमारी गवर्नमेंट का सुचारु रूप से चलेगा । दूसरे मैं खाद्य मंत्री श्री सुब्रह्मण्यम् साहब को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने यह मंत्रालय अपने हाथ में लिया और इस भार को संभाला । उन्होंने पहले बहुत खूबी के साथ जो काम लिया था उसे निभाया है । और मेरा ऐसा ख्याल है कि उनका काम ऐसा अच्छा होगा कि थोड़ दिनों के बाद यह जो फूड की तकलीफ है वह हमारे लिए नहीं रहेगी ।

अब मैं अपनी स्पीच पर आता हूं । दो रोज पहले और आज भी मैंने बहुत से माननीय मेम्बरों की स्पीचें सुनीं, कइयों ने कोई ब्लेम लगाया, कुछ क्रिटिसाइज किया, मैं उस तरफ पर नहीं जाता, मेरा काम क्रिटिसाइज करना नहीं है बल्कि मेरा काम यह है कि यह बतायें कि कैसे काम करें जिससे कि हम आगे बढ़ें ।

जब से हमारा देश हमारे हाथ में आया है लोगों की आदतें बदल गई हैं, लोगों की खुराक बढ़ गई है, आदमी बढ़ गये हैं, नाना

[श्री रामकुमार भुवालका]

प्रकार के फैक्टर्स हमारे सामने आए हैं । फूडग्रेन्स भी हमारा बढ़ा है, पहले जितनी फूडग्रेन्स की उपज होती थी उससे ज्यादा हुई है । मैं कुछ फिगर्स को बताता हूं । १९४८-४९ में हमारे यहां ५१.७५ मिलियन टन प्रोडक्शन हुआ । १९६१ में ७८.५७ मिलियन टन प्रोडक्शन हुआ । इसका मतलब हुआ "मोर दैन फिफ्टी परसेन्ट" हमारा प्रोडक्शन बढ़ा । इस पर भी हमारी खाद्य समस्या १९५४ से लेकर अभी तक बढ़ती जा रही है क्योंकि हमारी पापुलेशन भी बढ़ रही है और बिना पापुलेशन को रोके यह खाद्य समस्या बनी रहेगी ।

फिर उसके बाद अभी चार कारखानों को फर्टिलाइजर बनाने के लाइसेन्स दिये गये लेकिन उनमें से एक नहीं बैठा । यह सच बात है कि जब तक खाद के कारखाने ज्यादा नहीं बढ़ेंगे तब तक खाद्य समस्या में सुधार होना मुश्किल है और काश्तकारों को जब अच्छा खाद मिलेगा तो उसका प्रोडक्शन बढ़ेगा, यील्ड बढ़ेगी । इसलिये हमारा प्रोडक्शन बढ़ाने के खयाल से उसके लिये ज्यादा कारखाने बनते और उनकी अच्छी तरह से सप्लाई होती तो अच्छा होता; लेकिन इस के बावजूद, सरकार के बहुत जागरूक होते हुए भी, फूड के मामले में हमारा काम आगे नहीं बढ़ा इसका क्या कारण है इसको हमें सोचना चाहिये ।

हमारे यहां बड़े बड़े लोहे के कारखाने बने । ठीक है, कारखाने बनने चाहियें थे क्योंकि उनकी जरूरत थी । बोकारो में और दूसरी जगहों में लोहे के कारखाने और स्थापित होंगे । लेकिन बिना खाए तो हाथ पैर नहीं चलता । इसलिए मैं सरकार से कहूंगा कि खाने के लिये जिन खाद्य पदार्थों की जरूरत हो उनका पहले प्रबन्ध करें । अभी एक बात चलती है होर्डिंग और हाइडिंग की । होर्डिंग वह कही जाती है जिसमें बैंक से रुपया लिया जाता है, खाद्य के लिये पैसा लिया जाता है । हाइडिंग उसे कहते हैं जिस में प्राइवेट तरीके से छिपा कर माल रखा जाता है । मैं नहीं समझता इस वक्त होर्डिंग कैसे होती है । पब्लिक में माल का आना जाना गाड़ियों में, लारियों में होता है और गोदामों में जाता है । ऐसा कौन हतभागी है जो होर्डिंग करके माल रखे और ज्यादा दाम ले कर बेचे । अगर ऐसा करेंगे तो पकड़े जायेंगे । अभी पटना में बीस गोदाम की चेकिंग में १८०० मन माल निकला । बहुत खोज हमारे देश में हुई कि खाद्य कहां छिपा है । लेकिन मेरे देखने में और सुनने में नहीं आया कि कहीं ऐसा बहुत सा माल मिला हो जिससे अनाज का संकट दूर हो । लेकिन जो भाई व्यापारी लोग इस तरह का काम करते हैं वे देश की सेवा नहीं करते । वे देश का अच्छा नहीं करते और देश के दुश्मन हैं—ऐसा उन को समझना चाहिये ।

फिर उसके बाद किसान के पास जो माल छिपा हुआ है उसको संभालना गवर्नमेंट का काम है क्योंकि किसान के पास साधन हैं कि उसको अपने पास रख सके । कोई व्यापारी छोटी मोटी पाकेट में रखने वाली चीज होती तो रख ली जाती । इसलिये सरकार को बड़े बड़े गोदाम बनाने चाहिये । मेरा खयाल है कि जितनी खोज हुई उस में उतना माल तो नहीं मिला लेकिन अगर और अधिक खोज करने से माल मिले तो कसूरवार आदमियों को पकड़ना चाहिए और सजा भी देनी चाहिये । इसके अलावा हमारा बहुत सा माल अमेरिका से आता है और यहां डिस्ट्रिब्यूट होता है । बम्बई में स्टीमरों के जरिये गेहूं उतारा जाता है लेकिन फिर भी अभाव बना हुआ है । इस का क्या कारण है, क्या वजह है ? इसका कारण हमारी बढ़ती हुई आबादी है । रे पास जो आंकड़े हैं उनको मैं आपके सामने रख कर बताता हूं कि अभी सन् १९६४ खत्म होने वाला है, १९६५ शुरू हो जायेगा । १९६५ और १९७६ में बहुत ज्यादा फर्क

नहीं है । तो १९७६ के आंकड़े मैं आपको बतलाता हूं कि तब तक ६२५ मिलियन हमारी पापुलेशन हो जायगी और १९८१ में हमारी पापुलेशन ६९५ मिलियन हो जायगी और १९९१ में ८३५ मिलियन और सन् २००१ में १५०० मिलियन हो जायगी । ये आंकड़े जोकि हमारे प्लानिंग कमीशन की एक्सपर्ट कमेटी ने निकाले, इनसे यह मालूम पड़ता है कि हम कहां और किधर जा रहे हैं । जब तक हम जनसंख्या को रोकने का काम अपने हाथ में पूरी तरह से नहीं लेंगे तब तक हमारी खाद्य समस्या कभी हल नहीं होगी, चाहे आप फूड प्रोडक्शन के आंकड़े कितने ही बढ़ाना चाहें । यह कोई खाली फूड की बात नहीं है, मकान की भी समस्या है, कपड़े की भी है और दूसरी चीजों की भी है । जब १९५२ से लेकर अभी तक इतना प्रोडक्शन बढ़ा कर भी स्थिति नहीं संभाल सके हैं तो आगे कैसे होगा ? इसलिए जहां तक संभव हो सके हमें इस जनसंख्या के प्रश्न पर विचार करना चाहिये ।

तीसरी बात है, साधारण स्तर के लोगों को सामान मिलने में और उसके बढ़ते हुए दामों से कितनी तकलीफ होती है इस पर हमें विचार करना है क्योंकि हमारी जो फेयर प्राइस शाप्स हैं उनमें भी माल मिलता नहीं है और दाम ज्यादा देने पड़ते हैं । तो आखिर क्या कारण है, माल कहां जाता है ? आज मैंने स्टेट्समैन अखबार में पढ़ा कि यहां दिल्ली से पांच पांच किलो कर के माल बाहर जाता है । यहां के चीफ कमिश्नर ने खुद देखा और उन की समझ में आया कि इस तरह से कितना माल जाता है । जब दिल्ली में ऐसी अवस्था है तब सारे देश में कैसे पकड़ हो सकती है यह देखने की बात है । सैकड़ों की तादाद में पांच पांच किलो माल बड़ी बोरियों में बंद कर के यू० पी० की तरफ ले जाया जा रहा है ।

इन सब बातों को देखते हुए मैं गवर्नमेंट से और फूड मिनिस्टर से अपील करूंगा कि वे खाद्य की परिस्थिति पर पूरा ध्यान रखें ।

SHHI UMASHANKAR D1KSHI.T CUttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman, we have discussed the most important aspects of the problem of food and agriculture during the debat* that has gone on, and I find that certain basic issues have become clear. We have to realise that agricultural production is governed to a material l extent by the condition of the mon-J soon, by rain by whether there is excess rain or short rain or normal supply of rain. This fact has to be realised for understanding the situation. If we go back and try tp study the history of food production during the last few years or even the last j half century. w_e will find that j whenever rains have failed, whenever j there has been exceedingly short sup-] ply of rain, or there have been large I tracts inundated by floods, in the lat-j ter case the damage and harm are not l so grave as in the former case. How-j ever, under all circumstances we have ! to accept the fact that if the monsoon ; goes against us, if there is a serious I drought, no matter what action you I take, it is not posible to avoid famine I and conditions of shortage in the j country. That fact has to be realised. i

The other fact which comes out from ; the excellent booklet which the Food Ministry has published giving a review of the food situation is that whereas in the former times a few large producers or traders hoarded grains in large quantities, now as a result of a consciousness that has come about among producers, small, minor or large, there is a tendency among them to hold stocks at tht. time of harvesting. The result is that whatever the surplus rice or wheat or other grains in the country, it is spread all over the country in hundreds and thousands of small godowns which it is not easy to locate and seize. If any large accumulation of stocks can be detected and pointed out to the Ministries, I have no doubt that both the Central and the State Governments will track down the hoarders and seize the excess stocks;

[Shri Umashankar Dikshit.] but the whole difficulty of the situation is that hoarding has taken place over. a large number of places by a large number of, people in small quantities comparatively.

